# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–03 जुलाई 2026** **सान्ध्य समाचार**

श्री अमरनाथ जी यात्रा आज सुबह जम्मू कश्मीर के पहलगाम और बालतल मार्गों से शुरू हो गई। पूरे देश से लाखों श्रद्धालु 57 दिनों की तीर्थयात्रा के दौरान पवित्र अमरनाथ गुफा के दर्शन करेंगे। इस बीच, तीर्थयात्रियों को लिखे एक पत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वार्षिक अमरनाथ यात्रा को देश की आध्यात्मिक परंपरा और सांस्कृतिक एकता में एक शाश्वत अध्याय बताया।

**पत्र के जरिए प्रधानमंत्री ने श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान पांच संकल्प लेने का भी आग्रह किया। इनमें पूरी यात्रा के दौरान स्वच्छता बनाए रखना, सभी सुरक्षा और प्रशासनिक दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन करना, 'वोकल फॉर लोकल' पहल के तहत अपने यात्रा खर्च का कम से कम दस प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करके स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन करने, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को बढ़ावा देने के लिए रक्षाबंधन पर भाई–बहन को एक पौधा उपहार में देना, ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन और विकसित भारत के दृष्टिकोण में योगदान देकर राष्ट्र प्रथम की भावना को आगे बढ़ाना शामिल है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में नौवे 'उत्तर प्रदेश आम महोत्सव दो हजार छब्बीस' के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आम महोत्सव केवल प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के किसानों के लिए भी अपने उत्पादों की प्रदर्शनी का एक सशक्त मंच हैं।

**मैंगो टूरिज्म को हम एक नई पहचान दे सकते हैं। एग्री एंटरप्रेन्योर्स बनाने की दिशा में हमें अन्नदाता किसान को आगे बढ़ाना पड़ेगा और इस दिशा में वैल्यू क्रिएशन, इनोवेशन और रूरल इकॉनमी यानी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को हमें और प्रोत्साहित करना होगा, इसपे काम करने की आवश्यकता है। ए.आई., ड्रोन, सैटेलाइट मैपिंग, प्रिसिजन फार्मिंग, सेंसर आधारित सिंचाई और डिजिटल मंडियों के माध्यम से एक स्मार्ट हॉर्टिकल्चर की दिशा में भी हमें अग्रसर होने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। प्रत्येक जनपद में पोस्ट हार्वेस्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर, कोल्ड चेन, राइपनिंग सेंटर, पैक हाउस, फूड प्रोसेसिंग यूनिट और एक्सपोर्ट सुविधा को हमें और तेजी के साथ विकसित करनी होगी। ये सारी चीजें एक साथ होंगी तो यूपी उसका केंद्र बिंदु बन सकता है जो आज की आवश्यकता है।**

इससे पहले मुख्यमंत्री ने आज ही लखनऊ के डॉक्टर राममनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी के चार सौ चौसठ करोड़ रूपये से अधिक की लागत से बने नवीन परिसर का लोकार्पण भी किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने आश्रय गृहों सह प्रशिक्षण केंद्रों और हाफ–वे होम में रहने वाले संवासियों के भरण पोषण के लिए अनुदान राशि दो हजार रुपये से बढ़ाकर तीन हजार रुपये प्रतिमाह करने का निर्णय लिया है। एक रिपोर्ट–

**दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि आश्रयगृहों में रहने वाले मानसिक मंदित और निराश्रित दिव्यांगजन पूरी तरह संस्थागत देखभाल पर निर्भर होते हैं। उन्हें पौष्टिक भोजन, समुचित स्वास्थ्य देखभाल और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार दिव्यांगजन के सम्मान सुरक्षा और गरिमापूर्ण जीवन से जुड़े प्रत्येक प्रयास को प्राथमिकता दे रही है। बैठक में मुख्यमंत्री ने हर जनपद में नियमित रूप से सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित करने और दिव्यांग बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिए। समाचार कक्ष से रितेश।**

**********

एटा जिले के बागवाला थाना क्षेत्र में कीलारमऊ गांव के पास कल देर रात एक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गयी, जबकि करीब एक दर्जन लोग घायल हैं। हमारे एटा प्रतिनिधि ने बताया कि फर्रुखाबाद से दिल्ली जा रही उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस तकनीकी खराबी के कारण सड़क के किनारे खड़ी थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार कैंटर ने बस को टक्कर मार दी। इस टक्कर के बाद एक अन्य वाहन भी दुर्घटना की चपेट में आ गया। एटा के जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था की गयी है।

**तत्काल ही मौके पे जो हैं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी पहुँच गए थे और मैं और एसएसपी साहब भी जो हैं तुरंत इमरजेंसी में आ गए थे। प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज और सीएमओ साहब भी हैं। तो हमारा पूरा अमला इस चीज के लिए है कि तुरंत जो हैं मैक्सिमम लोगों को हम रेस्क्यू कर पाएँ, अच्छा इलाज दे पा रहें।**

**********

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार ऐप के माध्यम से आधार में ई–मेल के सीधे अपडेट की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई है। यह सुविधा एक जुलाई से शुरू होकर छह महीने की अवधि के लिए लागू है।

**********